तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024

बैडमिंटन होम टूर्नामेंट में मयंक व मृणाल की जोड़ी... 12



शराब बनाना व बेचना सतनाम संस्कृति के खिलाफ ... 12





## खबर संक्षेप



### केबीसी के हॉट सीट तक पहुंचे पंकज

**सरायपाली।** चर्चित टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में ऑडिशन के लिए नगर के पंकज सलूजा मुंबई पहुंचे। जहां प्रतियोगी अनेक चरणों के बाद शो के होस्ट व सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट तक पहुंचे। बता दें कि पंकज उनमें से एक भाग्यशाली है, जो प्रतियोगियों की लिस्ट में आने के लिए पिछले तीन दिनों से मुंबई गए हुए हैं। इंटरव्यू, टेस्ट समेत कई चरणों से गुजरने के बाद केबीसी के हॉट सीट तक पहुंचे हैं। केबीसी में ऑडिशन के लिए पंकज बीते 24 साल प्रयासरत रहे, जो अब सफल हुए।

### डेयरी के पास युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के पंजाबी पारा में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 25-26 मई की दरम्यानी रात मनमोहन यादव पिता साधु उर्फ संतोष यादव (19 साल) निवासी बम्हनी हाल मुकाम पंजाबी पारा ने रामाधर यादव के डेयरी के पास अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### ट्रैक्टर में दबने से व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा के टिकरापारा निवासी एक व्यक्ति की ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया की 24 मार्च को यदुवेंद्र पिता नाथूराम साहू 45 साल ट्रैक्टर में दब गया था हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# पिटपास इसलिए नहीं क्योंकि अवैध खदानों से निकाल रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न थानों में रोज बगैर पिट पास के परिवहन किए जा रहे रेत लदे वाहनों की धरपकड़ की बात सामने आ रही है। स्पष्ट है कि वैध अवैध खदानों से इन्हें बिना पिट पास दिए ही रवाना किया जा रहा है और इससे शासन को राजस्व की भारी हानि भी हो रही है। अफसरों की उत्खननकर्ताओं के साथ सांठगांठ भी इस बात से प्रमाणित हो रही है कि विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति की कार्रवाई कर छोड़ देते हैं जबकि परिवहनकर्ताओं से शासन को होने वाले राजस्व की हानि की राशि भी वसूल की जानी चाहिए।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो हाइवा को कोतवाली पुलिस ने पुलिस पेट्रोल पंप के पास रोका। परिवहनकर्ता के पास रेत परिवहन के कोई कागजात न होने के कारण उसे खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया। बता दें कि जिले में रेत का उत्खनन और उसका परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है, लेकिन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। इसी का परिणाम है कि जिले में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है। हर रोज रेत घाटों से रेत का उत्खनन बाद परिवहन जिले सहित आस-पास के जिलों में हो रहा है। रेत घाटों से अवैध रेत का उत्खनन की लगातार शिकायतों के बाद बीते 20 मई को कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग रेत घाटों पर छापामार कार्रवाई की। सिरपुर के ग्राम खमतराई रेत घाट में अवैध उत्खनन करते कुछ लोग टीम को देखकर भाग गए। खमतराई रेत घाट से पुलिस ने एक रेत भरी हाइवा और एक खाली हाइवा सहित एक चेन माउंटेन जब्त किया है। इसी क्रम में रविवार रात कोतवाली पुलिस ने पुलिस पेट्रोल पंप के पास रेत से भरी दो हाईवा को रोका और परिवहनकर्ता से परिवहन संबंधी पिटपास व अन्य कागजात मांगे लेकिन चालक कोई भी कागज न दिखा पाया। बाद दोनों हाइवा को जब्त कर पुलिस ने खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया।

## रेत से लदे दो वाहनों को फिर कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

### समितियां और अफसर दे रहे अवैध उत्खनन को संरक्षण

बता दें कि नदी नालों से लगातार चोरी छिपे रेत अवैध तरीके से निकाली जा रही है। इससे शासन को मिलने वाले राजस्व की भी हानि हो रही है। रेत उत्खनन से पंचायत को होने वाली राजस्व की हानि की परवाह किए बिना ग्राम समिति द्वारा अवैध उत्खनन के लिए मोटी रकम ली जा रही है। शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग मौन है।



### अफसर ही देते हैं उड़नदस्ता की खबर

मोहकम रेत घाट में अवैध उत्खनन में लिप्त नितेश सिन्हा ने बताया कि रात में रेत उत्खनन किया जा रहा है और उसने अपने दोस्तों के कहने पर मोहकम रेत घाट में उत्खनन के लिए स्थानीय ग्राम समिति और सदस्यों को मोटी रकम दी। इस पर ग्राम समिति द्वारा उन्हें निर्बाध अवैध उत्खनन के लिए आश्वस्त किया गया है। सिन्हा ने बताया कि स्थानीय अफसर उसके साथ हैं इसलिए वे कार्रवाई नही करते और बाहरी उड़नदस्ता टीम के आने से पहले उन्हें खनिज विभाग के अफसर खबर कर देते हैं।

## क्राइम : लालवानी गली की घटना, आज पूरे मामले का खुलासा करेगी महासमुंद पुलिस

# बंद मकान में मिली 6 माह पुरानी लाश, हत्या कर लाश को आंगन में दफनाने से पहले बनाया ममी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के लालवानी गली स्थित एक मकान के आंगन में छः माह पहले हत्याकर गड़ा दी गई लाश को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस आगे की जानकारी का खुलासा आज मंगलवार को करेगी। लेकिन, मामला प्रेम प्रसंग का होने तथा अपुष्ट जानकारी के अनुसार एक महिला और एक पुरुष के शामिल होने की बात सामने आ रही है।

सोमवार देर शाम लालवानी गली स्थित एक मकान में पुलिस ने दबिश दी। साथ पुहंचे स्वीपरों और क्राईम दल से लोगों के अंदाजा हो गया कि मामला कुछ तो संदेहास्पद है। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और भीतर पहुंचकर चिन्हांकित स्थान पर खुदाई शुरु की। तकरीबन 2 घंटे चली खुदाई के बाद 5 फीट नीचे एक बोरे में दबी हुई लाश मिली जो तकरीबन 6 माह पहले हत्याकर गड़ाई गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बिरकोनी निवासी यूपेश चंद्राकर उर्फ गोलू के तौर पर की गई है। मौके पर मौजूद परिजनों ने लाश की शिनाख्त कर ली है। साथ ही यह बात भी स्पष्ट है कि हत्यारे की निशानदेही पर ही पुलिस इतने परफेक्ट स्थान पर पहुंची है। बता दें कि यूपेश 8 दिसंबर से लापता हुआ था जिसकी गुमशुदगी कोतवाली थाना में 10 दिसंबर को दर्ज हुई थी। जिसके बाद से पुलिस छानबीन में लगी हुई थी। सभी पहलुओं पर तफ्तीश करते हुए पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल हुई। आरोपियों के संदर्भ में खुलासा पुलिस द्वारा आज मंगलवार को किए जाने की बात कही गई है। फिलहाल, लाश का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।





### लाश को बना दिया था ममी

हत्यारे द्वारा लाश को पूरी तरह से ममी में तब्दील कर दिया गया था। लाश को झिल्ली में बांधकर गांजा की तर्ज पर टेप लगाकर गाड़ा गया था ताकि बदबू बाहर न निकले। लाश आंगन में तकरीबन 5 फीट गढ्ढा खोदकर गड़ाई गई थी। और टेप ओर झिल्ली के तकरीबन 3 लेयर पाए गए। लाश पूरी तरह नही सड़ी थी इस लिए खोदकर निकाले जाने के दौरान पूरी टीम को काफी दुर्गंध का सामना करना पड़ा।



### आज होगा पूरे मामले का खुलासा

मौके पर मौजदू पुलिस अफसर अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी पकड़ा गया है। हत्यारे ने दृश्यम फिल्म का सीन क्रिएट करने का प्रयास किया था।

पूरे मामले का खुलासा आज मंगलवार को पुलिस आरोपियों के साथ करेगी। फिलहाल मामले में और कई पहलुओं में पूछताछ जारी है।

### दो से अवैध शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुकड़ा नाला के पास कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान संदेही के कब्जे से एक पीले रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन की तलाशी ली गई, जिसमें प्लास्टिक जरकीन में करीबन 03 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 600 रुपए भरा हुआ मिला, जिसे जब्त कर मौके पर सीलबंद कर आरोपी राजकुमार जोल्हे पिता शंकर लाल जोल्हे (31 वर्ष) निवासी पलसापाली अपराध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह सांकरा पुलिस ने 26 मई 2024 को ग्राम जेराभरन में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी से करीब 2 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि 26 मई 2024 को ग्राम भ्रमण जुर्म पतासाजी पर मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जेराभरन में मनीराम वर्गे नामक व्यक्ति अपने मकान बाड़ी में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वास्ते रखा है। सुचना पर पुलिस ने ग्राम जेराभरन मनीराम वर्गे के मकान बाड़ी में अवैध शराब रेड कार्रवाई किया जहां मनीराम वर्गे पिता राजनो वर्गे उम्र 48 साल निवासी जेराभरन के कब्जे से एक 2 लीटर वाली स्प्राईट बाटल में भरा 2 लीटर हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी का कृत्य धारा 34(1) (क) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया।

### वन विभाग की टीम ने सलखंड जंगल से हटाया अवैध अतिक्रमण, भारी मात्रा में लकड़ी भी जब्त

**महासमुंद।** जिले के बसना वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलखंड के जंगल में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा को हटाया गया है। बता दें कि कड़ी धूप में सरायपाली, बसना वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सलखंड गांव से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कंपार्टमेंट नंबर 321 पर वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था, जिसकी शिकायत पर उस जगह वन विभाग की टीम पहुंची। जहां वन विभाग को भारी मात्रा में अवैध लकड़ी के लट्ठे समेत लगभग 3 एकड़ से भी ज्यादा की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं सलखंड निवासी नंदकुमार मिर्धा वल्द पुरान मिर्धा को भारी मात्रा में अवैध रूप से वन विभाग की भूमि को खोद कर अवैध रूप से ईंट का निर्माण करते हुए भी पाया गया। मामले में वन विभाग के टीम ने लकड़ी समेत सभी सामानों को बरामद कर नंद कुमार के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। इस संबंध में वन अधिकारी बसना रेंजर सुखराम निराला का कहना है कि डीएफओ, कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर से अवैध अतिक्रमण भूमि का पट्टा बनाकर स्वयं कब्जा कर लिया गया है, जिसको नियमानुसार 0.61 हे.जमीन का विधिवत पट्टा प्रदाय किया गया है। जिसमें कूटरचना कर डीएफओ एवं कलेक्टर का फर्जी हस्ताक्षर कर 2.51 हे. का फर्जी पट्टा बनाकर 8-10 एकड़ जमीन पर कब्जा कर रहा था। जिसमें कई इमारती लकड़ी को काटकर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है।



## पुरुषोत्तम आत्महत्या मामले में नागपुर से पार्षद पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के गंजपारा निवासी पुरुषोत्तम चौहान आत्महत्या मामले में फरार आरोपी पार्षद पति पुरुषोत्तम उर्फ गोलू मदनकार को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में डेढ़ माह पूर्व रवि सोनी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं एक अन्य से क्राइम ब्रांच द्वारा पिछले कुछ दिनों से की जा रही पूछताछ के बाद रविवार को गोलू की गिरफ्तारी हुई, जिसके बाद अन्य आरोपियों के भी जल्द गिरफ्तार होने का अंदेशा है। उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी 2023 की शाम तुमगांव ओवर ब्रिज महावीर चौक गंजपारा निवासी पुरूषोत्तम चौहान उर्फ राजेश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके पति ने तीन-चार साल पहले 30-40 हजार रुपए उधार लिए थे, जिसे वे ब्याज सहित वापस कर चुके थे, बावजूद सूदखोर आए दिन घर आकर धमकाते और पैसा नहीं दिए हो कहकर परेशान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2023 की सुबह भी वे लोग आए और शाम 6 बजे तक पैसा नहीं दोगे तो जान से मार डालेंगे कहकर चले गए। शाम 5 बजे पति ने हमें मंदिर जाने कहा, इस दौरान घर पर कोई नहीं था और उन्होंने फांसी लगा ली। मालूम हो कि मृतक पुरूषोत्तम ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था जिसमें उसने सूदखोरों से प्रताड़ित होने का जिक्र किया था। मामले में मृतक की पत्नी ने पुलिस में शिकायत करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, कई बार कलेक्ट्रोरेट के सामने परिवार सहित धरना देकर न्याय की गुहार लगाई, पर हर बार उसे पुलिस की ओर से आश्वासन ही मिला।

### शहर में सूदखोरी का धंधा चरम पर

बता दें कि शहर में वर्षों से सूदखोरी का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है। जिसकी वजह से लोगों को अपनी जान देकर सूदखोरों के सूद चुकाना पड़ रहा है। महावीर पार्क निवासी एक सिविल इंजीनियर ने भी सूदखोरों से तंग आकर मौत को गले लगाया था। यही नहीं अनेक लोग इसी तरह मौत को गले लगा चुके हैं। शुरुआत में सूदखोर चिकनी बातों से फंसाकर कम ब्याज पर रकम तो दे देते हैं। लेकिन, बाद में ब्याज के ऊपर ब्याज लगाकर कर्जदार को मरने के लिए मजबूर कर देते हैं।

### अब भी चार फरार, पुलिस कर रही तलाश

पुरूषोत्तम चौहान आत्महत्या मामले में कुछ माह पूर्व फिर से जांच पड़ताल शुरू हुई जिसके बाद रवि सोनी नामक एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। मामले में कोतवाली प्रभारी मोनिका श्याम ने बताया कि पुरुषोत्तम चौहान आत्महत्या मामले में मिले सुसाइड नोट और उनके परिजनों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है। मामले में एक व्यक्ति को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी बीच आरोपी गोलू मदनकार की नागपुर में होने की सूचना पुलिस को मिली, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में 6 में से दो गिरफ्तार हो चुके हैं शेष 4 फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। मामले में जिससे क्राईम ब्रांच पूछताछ कर रही है वह आरोपी है या नही यह अब तक स्पष्ट नही हो पाया है।

### मेकाहाम पर एनएमसी ने लगाया दो लाख का जुर्माना

**महासमुंद।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद पर एनएमसी ने दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को वर्ष 2022 में 125 सीट की मान्यता मिली। तब से लेकर आज तक 250 छात्र-छात्राएं प्रथम व द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे है, पर अभी भी सभी फैकल्टी में 40 फीसदी की कमी है। जिसमें चिकित्सक आदि शामिल है। एनएमसी ने 11 मई को ऑनलाइन निरीक्षण किया, जिसमें कमी पाये जाने के बाद एनएमसी ने 21 मई को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया और दो माह में कमी दूर करने के निर्देश दिए है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की डीन डॉ यास्मीन खान ने पुष्टि करते हुए बताया कि एनएमसी द्वारा जुर्माना लगाया गया है, जो कमियां स्थानीय स्तर पर दूर हो सकती है उसे जल्द से जल्द दूर कर लिया जायेगा और जो शासन स्तर पर होना है उसके लिए राज्य सरकार को पत्राचार किया जाएगा।

### पैदल जा रहे युवक को बाइक ने मारी ठोकर, मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम तोरेसिंहा के पास पैदल जा रहे युवक को बाइक ने ठोकर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुशांत भोई पिता जयलाल भोई (24 वर्ष) निवासी तोरेसिंहा 17 मई को पैदल वेद कुमार कुल्हाडा उर्फ टिकेपिला के साथ गांव तोरेसिंहा तरफ से अपने घर आ रहा था। दिव्य किशोर आचार्य के घर के सामने बस्ती की ओर से आ रही एक मोटर सायकल जिसमें 3 व्यक्ति सवार थे जिसके चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुशांत भोई को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे सुशांत गिर गया। सुशांत को इलाज हेतु 108 वाहन से शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक शंख ग्राम कुंडापाली द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने पर भादवि की धारा 279, 337, 304(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### बिजली विभाग के सहायक इंजीनियर के घर चोरी

**महासमुंद।** नगर के त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी व बिजली विभाग के सहायक इंजीनियर के घर चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी अजय नील कुजूर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अम्बिकापुर में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ हैं। उनकी पत्नी व बच्चे महासमुंद में निवास करते हैं। ड्राइवर को गेट एवं गली की चाबी देकर परिवार छुट्टी के लिए 3 मई को अम्बिकापुर पहुंचे। 21 मई को ड्राइवर ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। कुजूर ने बताया कि महासमुंद पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ और पूरा सामान बिखरा मिला, जिसमें से एक नग सोने की अंगूठी 3 ग्राम, बच्चे के चांदी की चूड़ी 4 नग, चांदी की पायल एक जोड़ी, चांदी का सिक्का एक नग (कीमत लगभग 30 हजार रुपए) गायब मिला। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## नौतपा के दौरान दोपहर में आग उगल रहा सूरज, रात में भी तापमान बढ़े

# दिनभर छाए रहे बादल, उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले मे नौतपा लगने के बाद आंशिक रूप से बादल छाए हुए है जिसकी वजह से धूप का प्रभाव कम है, लेकिन उमस की वजह से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नौतपा के दौरान दोपहर में ही सूरज आग उगल रहा है और रात में भी तापमान बढ़ने एवं उमस से प्रचंड गर्मी पड़ रही है।

कल सोमवार से गुरुवार तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में ग्रीष्म लहर जैसे हालात बने रहने की संभावना है। इसी तरह आज की रात उमस रहने की संभावना बताई गई है। 'मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक कल 27 मई को प्रदेश के कुछ हिस्सों में ग्रीष्म लहर तथा आज, 29 एवं 30 मई को बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग के सभी जिलों में कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर की स्थिति बनने की संभावना है। संभावित जिलों में महासमुंद भी शामिल है। आने वाले दिनों में 29 मई तक औसतन अधिकतम व न्यूनतम तापमान में क्रमशः 41-44 डिग्री सेतापमान में सेल्सियस तथा 28-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। विभिन्न दिशाओं से हवा चलने तथा इसकी गति लगभग 7-22 किमी प्रति घंटा रहने की संभावना है। इसी तरह कल एवं आज तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तथा 29 मई को 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान हवा में 60-65 प्रतिशत नमी रह सकती है।



### लू लगने से बचने के लिए ये करे उपाय

चिकित्सकों ने इन दिनों ग्रीष्म लहर से बचने के लिए भरपूर पानी पीने की सलाह दी है। इससे शरीर पूरी तरह हाइड्रेट रहेगा और गर्मी के बुरे प्रभाव से शरीर को बचाये रखने में सहायक होगा। दोपहर की तेज धूप में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले। तथा शरीर को अच्छी तरह ढंककर ही निकले। टोपी, दुपट्टे या अन्य किसी कपड़े से सिर को ढंककर ही रखे। छाता लेकर निकलना भी एक अच्छा उपाय हो सकता है। गर्मी के दिनों में सूती कपड़ों का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत अच्छा होगा कि 11 बजे से 5 बजे तक घर के बाहर जरूरी काम की वजहों से ही निकले एवं छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी गई है।

### सितली नाला के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**महासमुंद।** नगर के देशी शराब भट्टी एनएच 353 रोड़ सितली नाला के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया की 26 मई को वार्ड नं 21 सुभाष नगर महासमुंद निवासी रमेश लहरे अपने दोस्त रूपदास मानिकपुरी, खिलावन साहू व उसके एक अन्य मजदूर के साथ देशी शराब भट्टी एनएच353 रोड सितली नाला के पास गया था वहां पहले से ही मनोज स्वीपर अपने साथियों के साथ था इस बीच मनोज स्वीपर आकर रमेश को अपने आप को ज्यादा समझता है कहकर गालियां देते हुए मारपीट किया। मनोज स्वीपर एवं छोटू स्वीपर ने तुम अपने आप को ज्यादा होशियार समझते हो, तुम्हें किसी दिन जान से मार देंगे और झूठे केस में फंसा देंगे कहकर धमकी दी। रिपोर्ट के बाद आरोपी मनोज स्वीपर, छोटू स्वीपर के खिलाफ 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध कायम किया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## चकल्लस



### ये कैसी इमरजेंसी



बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद आंबेडकर अस्पताल पहुंचे घायलों के इलाज की आपाधापी में चिकित्सकीय स्टाफ दूसरे मरीज को भूल गया। इमरजेंसी विभाग के गलियारे में हाथ-पैर में पट्टी बांधकर लेटे इस मरीज की तरफ किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। इलाज की खातिर अस्पताल में बिस्तर मिलने के इंतजार में युवक ने डेढ़ दिन बिता दिया। मायूस होकर वह वापस घर लौटने का मन बना रहा था, इसी बीच उसकी बेबसी वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, तब जाकर प्रबंधन ने उसकी सुध ली। अस्पताल के खबरचियों का कहना है कि इमरजेंसी में इस तरह की स्थिति होना आम बात है, मामला तूल तब पकड़ता है, जब मरीजों के परिजन इस तरह की घटनाओं पर हंगामा कर देते हैं।

### चोरी की गाड़ी, चोरी के ट्रक

आजकल जहां देखो यूज्ड कार और गाड़ियों के बड़े बड़े गैरेज खुल गए हैं। गाड़ी खड़ी करने के लिए लाखों रुपए का किराया देकर जमीन लेते हैं और उसे चलाने के लिए लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। अब कमाना भी है तो कुछ गलत धंधे में पड़ जाते हैं। खबरी बता रहा था कि पचपेड़ी नाका के पास बीते दिनों ऐसे ही डीलर को पुलिस ने पकड़ा था। चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगा रहा था। उसे सील करने की खबर है। खबर यह भी कि इस तरह की शिकायतें थोक में पुलिस को मिल रही हैं।

### आचार संहिता पर टिकी निगाहें...

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी से लेकर कार्यालयों तक में बैठने वाले अफसर फिलहाल काम के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। ज्यादातर आचार संहिता खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं। अफसरों का मानना है कि आने वाले दिनों में विभागीय स्तर पर तबादला होगा और इसमें उनका नाम भी शामिल हो सकता है। अपना ट्रांसफर तय मानने वाले एक अफसर ने इसकी वजह विभागीय स्तर के काम को टालना शुरू कर दिया है उनका कहना है कि तबादले के बाद अक्सर आरोप लगते हैं, इससे बचने के लिए उन्होंने अभी से यह रास्ता अपना लिया है।

### शाबास पुलिस

वैसे कहा यही जाता है कि पुलिस हमेशा द एंड के समय आती है जब सबकुछ हो चुका होता है। घटना हो गई, हीरोगिरी हो गई, मारपीट या मारकाट हो गई, तब पुलिस पहुंचती है। लेकिन लंबे समय बाद ऐसा हुआ कि पुलिस समय से पहले पहुंची भी और घटना करने से पहले ही बदमाशों को धरदबोचा। इसके लिए पुलिस को शाबासी मिलनी ही चाहिए। अगर रविवार को पुलिस ने शूटरों को नहीं पकड़ा होता तो छत्तीसगढ़ जैसा शांत प्रदेश भी गोलियों की आवाज से थर्रा गया होता। अब पुलिस एक काम और करे, इन्हें ऐसा सबक सिखाए कि इस तरह के लोग इस प्रदेश में झांकने की हिम्मत तक न जुटा पाएं।

### न हार में न जीत में

लोकसभा चुनाव के बाद स्ट्रांग रूम की तरफ भाजपा वाले तो झांकने तक नहीं गए, लेकिन जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो उसके प्रत्याशियों के समर्थक भी महज खानापूर्ति में लगे हैं। खबरी बता रहा था, जिन भी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों को निगरानी का काम सौंपा है, वे महज स्ट्रांग रूम तक जाते हैं और कुछ देर तक वहां पर रुककर वापस लौट जाते हैं। प्रत्याशी खुद मानते हैं कि कोई भी समर्थक इतना ईमानदार नहीं है कि 24 घंटों तक वहां पर बैठकर निगरानी करेगा। वैसे विधानसभा के समय बात अलग थी, तब सत्ता का सवाल था तो दोनों दलों का संगठन भी लगा था, लेकिन इस बार तो संगठन का निगरानी से कोई सरोकार ही नहीं है। वैसे भी हारने वाले और जीतने वाले, दोनों को पता है कि होना क्या है,सो ज्यादा मशक्कत भी नहीं कर रहे।

### हाजिरी लगा रहे अफसर...

कांग्रेस सरकार के समय जो अधिकारी सूरमा बने हुए थे, वे अब अपना अस्तित्व बचाने के प्रयास में जुट गए हैं। नई सरकार बनने के बाद ऐसे अफसरों को यहां से दूर कर दिया गया, फिर भी अब वे मुख्यालय में अटैच हो गए हैं। अपने पुराने कारनामों पर पर्दा डालने संगठन के दफ्तर में हाजिरी लगाने में नहीं चूक रहे हैं। संगठन के रास्ते सत्ता के लोगों को मनाने का प्रयास कर रहे हैं। नौकरशाह अपनी सेटिंग बिठाने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीति और नौकरशाही के बीच ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो सत्ता की मलाई मिलते ही अपनी ज्यादती के लिए सबसे आगे रहे। उनको इस बात का डर है कि उनकी कारगुजारियों का खुलासा न हो जाए।

### राम नाम की जीत है

प्रदेश में चुनाव होने के बाद मतगणना में अभी भी एक सप्ताह से अधिक समय बाकी है। सट्टा बाजार से लेकर सभी लोगों के अनुमान तक सामने आने लगे हैं। स्थानीय नेता और प्रत्याशी अपने अनुमान तक दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अब 5-6 का नया गणित दिया जा रहा है। उनका तर्क है कि संविधान का मुद्दा यहां के कई लोकसभा क्षेत्रों में चल गया है। पिछली बार हमारे सत्ता में होने का फायदा विपक्ष को मिला था, वैसे ही इस बार भी परिणाम उलट ही रहने वाला है। उनका मानना है कि राज्य की जनता ऐसा प्रयोग हर बार कर नेताओं पर नकेल कसती है। वहीं सत्ता पक्ष के नेता कहते हैं कि जिस पार्टी के पास मोदी हों और श्रीराम मंदिर का श्रेय, उसे कौन हरा सकता है।

### कागजी पढ़ाई से मालामाल...

भ्रष्टाचार के मामले में आपने सुना होगा, कागज पर सड़क, कागज पर पुल। कागज पर मकान बना दिया गया, लेकिन अब प्राइवेट स्कूल नए तरीके से घोटाला करने में जुटे हैं। दरअसल सरकार शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबों के बच्चों के मुफ्त में पढ़ाने के लिए प्राइवेट स्कूलों को रकम देती है। हमारे यहां ये बात सामने आई कि गरीबों के बच्चे पहली-दूसरी में एडमिशन के बाद साल-दो साल पढ़कर स्कूल छोड़ देते हैं, लेकिन प्राइवेट स्कूल वाले इन बच्चों के कागज पर ही पढ़ता दिखाकर सरकार से लाखों-करोड़ो रुपए वसूल कर लेते हैं। ये कागजों पर बच्चों की पढ़ाई का बड़ा घोटाला है।

### संविधान के भरोसे...

लोकसभा चुनाव में बहुत से मुद्दों के अलावा विपक्ष के हाथ संविधान परिवर्तन का मुद्दा भी लग गया है। भाजपा ने चार सौ पार का नारा दिया तो उसमें जोड़ा गया कि संविधान बदलने के लिए इतनी सीटें मांगी जा रही हैं। बस फिर क्या था, विपक्ष ने इस मुद्दे को जमकर भुनाया है। हमारे यहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कुछ नेता दावा कर रहे हैं कि संविधान के मुद्दे पर पांच सीटें जीत सकते हैं। वे जिन सीटों को जीतने का दावा कर रहे हैं, उनके बारे में खबरी ने पता लगाया कि ये सीटें तो पहले-दूसरे दौर की हैं, उस समय तो संविधान बदलने का मुद्दा बना ही नहीं था।

### पार्ट टाइम स्नैचर ...

शहर में चैन खींचने का काम कोई पेशेवर तरीके से करता है, कोई पार्ट टाइम । ये बात अलग है पार्ट टाइम काम में कलाकारी कभी-कभी थोड़ी भारी पड़ जाती है। हुआ यूं गाने बजाने वाले तबलची तंगहाली में समय बिता रहा था। परिवार में शादी का खर्चा आ गया। अब गाने-बजाने से शादी लायक पैसा जुगाड़ना मुश्किल लगा। सो चैन स्नेचिंग में हाथ आजमाने शुरू किये। एक - दो बार इस काम में किस्मत साथ दे गई। हिम्मत बढ़ी सो नये फील्ड में इंट्रेस्ट बढ़ा पर चोरी-चकारी कब तक छिपती। सो एक बार धरे गये।

### कुल्लू मनाली ट्रिप ...

व्हाइट हाउस वाले बड़े साहब जब से आये तब से रेवेन्यू बढ़ाने नया फार्मूला आजमाने से नहीं चूक रहे। जो साल भर रेवेन्यू कलेक्शन को लेकर मुंह भौह सिकोड़ा करते। अब फाइनेंसियल एंडिग में खोज-खोज कर बकायेदार ला रहे हैं। बड़े साहब ने पिछली बार रिकार्ड रेवेन्यू कलेक्शन पर शाबासी के साथ केरल ट्रिप पर भेज दिया। इस बार उससे भी अच्छा काम हुआ सो साहब ने कुल्लू मनाली भेजने का इंतजाम कर दिया। ये देखकर सफाई वाले कसमसा रहे कि बड़े साहब हमारे लिये ऐसा कोई प्लान कब लेकर आएंगे ?

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी।

# नवतपा ने दिखाए तेवर, 44 डिग्री के करीब पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवतपा के दूसरे दिन गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। तेज धूप की वजह से दोपहर आग उगलती गर्मी महसूस हुई, वहीं रात को तीन डिग्री ज्यादा तापमान से बेचैनी बढ़ गई। शाम होने के बाद चक्रवाती तूफान के असर से बादल तो छाए, मगर गर्मी पर इसका कोई असर नहीं हुआ। तेज धूप और गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग द्वारा तीन दिन का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

नवतपा के दूसरे दिन तापमान ने अपना असर दिखाया। खासकर प्रदेश के मध्य हिस्से में आग उगलने वाली गर्मी महसूस होने लगी है। रविवार को राज्य में आने वाली हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पश्चिम हो गई और शुष्क हवा से दोपहर के वक्त लू का अहसास होने लगा। गर्मी इतनी अधिक थी कि लोगों ने बेचैनी महसूस की। दोपहर बाद चक्रवाती तूफान के असर से बादल छा गए। इससे धूप से तो राहत मिली, मगर गर्मी ने अपनी कहर बरपाना कम नहीं किया। अभी दिन के साथ रात में भी गर्मी की वजह से बेचैनी का दौर जारी है और तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में रात में बेचैनी और बढ़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अगले तीन दिन तक रायपुर समेत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में अगले तीन दिन तक ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया है।

## दोपहर लू जैसे हालात, रात में हो रही बेचैनी, तीन दिन का यलो अलर्ट

### इन शहरों में अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक ग्रीष्म लहर की स्थिति जीपीएम, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान, बालोद, बेमेतरा एवं कबीरधाम जिले के एक-दो हिस्सों में रह सकती है। इसके अलावा 28, 29, 30 मई को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग संभाग के सभी जिलों में लू जैसे हालात बन सकते हैं।



*बारिश भी हुई : पिछले चौबीस घंटे में कोंडागांव, सरगुजा, जशपुर, बस्तर और कोरिया में बारिश की गतिविधि बनी रही। आने वाले तूफान रेमल की वजह से राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों के मानें तो नवतपा के अंतिम दिनों में राज्य में प्री-मानसून की गतिविधि बढ़ने की संभावना भी बनने लगी है।*

### बीते मई का सर्वाधिक तापमान

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मई के महीने में रायपुर में 5 मई को सर्वाधिक तापमान 43.6 और राज्य में सर्वाधिक 44.2 बेमेतरा का दर्ज किया गया था। रविवार को रायपुर का तापमान बढ़कर 43.7 और बेमेतरा का 44.1 पहुंच गया। सोमवार को इस टेंप्रेचर में और बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। रायपुर में वर्ष 2017 तथा 2019 में 44.2 डिग्री का रिकार्ड है।

#### प्रमुख शहरों के तापमान की स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 43.7 | +1.6 |
| बिलासपुर | 42.4 | 0 |
| पेंड्रा | 41.0 | +1 |
| अंबिकापुर | 39.3 | -1 |
| जगदलपुर | 37.6 | 0 |
| दुर्ग | 43.6 | 0 |
| राजनांदगांव | 41.0 | 0 |

## बदमाशों को एक-दूसरे से पहचान के लिए मिला था कोड नेम

# मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमन साहू गैंग के बदमाश रायपुर तथा रायगढ़ में जिन दो कारोबारियों की हत्या कर सनसनी फैलाने की फिराक में थे, उनका उद्देश्य क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने के साथ ही झारखंड में ठेका लेने वाले कारोबारियों के बीच दहशत फैलाने का था। बदमाशों को रायपुर के कारोबारी पर हमला करने पूरे मैग्जीन से 20 राउंड फायरिंग करने का निर्देश मिला था। पुलिस के अनुसार गैंग के शूटर रायपुर में बाइक राइडर बनकर पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने से पहले दो शूटर अपनी कामयाबी के लिए आशीर्वाद लेने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर गए थे।

पुलिस के मुताबिक राजधानी और रायगढ़ में घटना को अंजाम देने रोहित ने मध्यप्रदेश के इंदौर से पिस्टल तथा मैग्जीन की व्यवस्था की। पिस्टल की व्यवस्था होने के बाद मलेशिया में बैठे गैंगस्टर मयंक ने रोहित को बाइक राइडर बनकर रायपुर पहुंचने के लिए कहा। साथ ही उसे रेलवे स्टेशन के एक होटल का नाम बताते हुए अपने लिए कमरा बुक कराने के लिए कहा। रोहित के रायपुर आने के पूर्व पुलिस को इसकी सूचना मिल चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने रोहित को होटल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बस से रायपुर पहुंचे दो अन्य बदमाशों को भाठागांव इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

## पकड़े जाने पर राम-राम, जय माता दी, 29-29 कोड

### आज आने वाले थे अकाउंट में साढ़े चार लाख

दो कारोबारियों की हत्या की सुपारी कितने में दी गई थी, इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश में पुलिस जुटी हुई है। पूछताछ में रोहित ने पुलिस को बताया कि सोमवार को घटना को अंजाम देने के पहले मलेशिया में बैठे गैंगस्टर ने रोहित को उसके अकाउंट में साढ़े चार लाख रुपए ट्रांसफर करने की जानकारी दी थी। अन्य बदमाशों को लेन-देन की रकम कैसे मिलती, पुलिस इस संबंध में बदमाशों से पूछताछ कर रही है।





### बदमाशों के लिए कोड निर्धारित

पुलिस के अनुसार रायपुर पहुंचे बदमाशों को पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर अलग-अलग कोड दिया गया था। बदमाशों को कोड मलेशिया से दिया गया था। मलेशिया में बैठे गैंगस्टर मयंक ने रोहित को पकड़े जाने की स्थिति में 29-29 कोड दिया था। इसी तरह से मुकेश को राम-राम तथा जय माता दी कोड दिया गया था। पुलिस के अनुसार रायपुर तथा रायगढ़ में घटना को अंजाम देने मलेशिया में बैठे गैंगस्टर मयंक ने बाइक की व्यवस्था कराने की बात कही थी।



### घटना के पहले रेकी कर वीडियो बनाया

पूछताछ में रोहित ने पुलिस को बताया कि रायपुर में गैंग का एक बदमाश दो माह पूर्व रायपुर आया था और घटना को अंजाम देने के बाद भागने के संभावित रास्तों की रेकी कर वीडियो बनाया। उसके बाद उस बदमाश ने उस वीडियो को मलेशिया में बैठे गैंगस्टर के पास भेजा। मलेशिया में बैठे गैंगस्टर ने रायपुर में घटना को अंजाम देने पहुंचे बदमाशों को रायपुर में लंबे समय तक रुकने की बात कही थी।

### बदमाशों का एनक्रिप्टेड एप के माध्यम से संपर्क

पुलिस के अनुसार रायपुर पहुंचे तीनों बदमाश एक-दूसरे को नहीं पहचानते। बदमाशों का एनक्रिप्टेड एप एप्लिकेशन के माध्यम से संपर्क था। एनक्रिप्टेड एप्लिकेशन में भेजे गए मैसेज को कोई तीसरा आदमी ट्रेस नहीं कर सकता। एनक्रिप्टेड एप का मैसेज एक निश्चित समय के बाद स्वतः ही डिलीट हो जाता है, जिसे पुलिस ने अब ट्रेस कर लिया है। बदमाश एक-दूसरे के साथ नेट कॉलिंग के माध्यम से संपर्क में थे। बदमाशों को जयपुर में बैठा बदमाश पप्पू, मलेशिया से मिले निर्देश के अनुसार ऑपरेट कर रहा था।

### गैंग में बदमाशों की जेल भर्ती

पुलिस के अनुसार अमन साहू ने जो गैंग तैयार किया है, उनमें से ज्यादातर बदमाशों से जेल में मुलाकात होने के दौरान अपने झांसे में लेकर गैंग में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि छह माह पूर्व झारखंड सीआईडी ने एटीएस को एक रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट के अनुसार अमन साहू गैंग में 145 बदमाश शामिल हैं, इनमें से 46 बदमाश झारखंड के अलावा राज्य की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। अमन साहू भी झारखंड के जेल में बंद है। अमन की अनुपस्थिति में मलेशिया में बैठा मयंक गैंग को ऑपरेट कर रहा है। गैंग के पास ढाई सौ के करीब घातक हथियार होने की बात सामने आई है, जिनमें 5 एके 47, 9 कार्बाइन, 70 देसी कट्टे तथा 166 पिस्टल हैं।

## 'विपक्ष मुजरा कर रहा' बयान जनता का अपमान



■ जनता का मजाक उड़ा रहे मोदी : बैज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'विपक्ष मुजरा कर रहा' वाले बयान की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, लोकसभा चुनाव में करारी हार के संकेत मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी बौखला गए हैं। वे आम जनता के मूल मुद्दों और अपनी सरकार की नाकामी पर चर्चा करने से बचने के लिए ऊलजुलूल बयान देकर जनता का ध्यान भटका रहे हैं। प्रधानमंत्री का विपक्ष को मुजरा करने वाला बताना विपक्षी दल और आम जनता का अपमान है।

उन्होंने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, भाजपा जिन राज्यों में विपक्ष की भूमिका में है, क्या वहां मुजरा करती है? 10 साल से देश की सत्ता में मोदी हैं और जनता के वादों को पूरा करने में असफल साबित हुए हैं। लोकसभा चुनाव में अपनी सरकार की कामयाबी नहीं बता पाए हैं, इसीलिए वे चुनावी मंचों के माध्यम से कभी मटन, मछली, मुसलमान, हिंदू-मुस्लिम तो कभी मुजरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं, जनता का उपहास उड़ा रहे हैं।

# अब तक 41 हजार से अधिक डाक मतपत्र मिले, हर टेबल पर होगी पांच सौ की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतगणना के दौरान ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ ही डाक मतपत्रों की भी गणना की जाएगी। डाक मतपत्रों की गणना 11 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय जिलों में ही होगी। सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य संबंधित जिलों से डाक मतपत्रों का परिवहन रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय जिलों में पूरा कर लिया गया है। अब तक 41 हजार 877 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 41 हजार 877 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के सुविधा केंद्रों से कुल 26 हजार 936 डाक मतपत्र, होम वोटिंग के अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के मतदाताओं से प्राप्त कुल 2 हजार 761 और दिव्यांगजनों के कुल 1 हजार 453 डाक मतपत्र तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के 779 डाक मतपत्र भी शामिल हैं।

■ रिटर्निंग अधिकारी जिला मुख्यालय में कराएंगे गिनती



*ईटीपीबी डाक माध्यम से 4 जून तक स्वीकार होंगे : इनके साथ ही सेवा मतदाताओं को जारी किए गए ईटीपीबी डाक के माध्यम से प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं और 25 मई की स्थिति में कुल 9 हजार 948 ईटीपीबी प्राप्त हो चुके हैं। डाक विभाग के माध्यम से ईटीपीबी की प्राप्ति मतगणना दिवस 4 जून को मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व तक की जाएगी। मतगणना स्थल में डाक विभाग के प्रतिनिधि द्वारा प्रातः 8 बजे के पूर्व तक प्राप्त सभी ईटीपीबी डिलीवर किए जाएंगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए डाक विभाग के प्रतिनिधि को आईडी कार्ड/पास जारी किया जाएगा।*

*एक टेबल पर 500 डाक मतपत्रों की गिनती : 11 संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों के मुख्यालय जिलों में डाक मतपत्रों की गणना के लिए पृथक से काउंटिंग हॉल तैयार किए गए हैं, जिसमें एक टेबल पर अधिकतम 500 डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। काउंटिंग के लिए प्रत्येक टेबल के लिए एक-एक अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। डाक मतपत्रों की गणना के लिए प्रत्येक टेबल पर एक एआरओ के साथ एक मतगणना पर्यवेक्षक, दो मतगणना सहायकों एवं एक माइक्रो आब्जर्वर की भी नियुक्ति की जाएगी।*

### ट्रेजरी के स्ट्रांग रूम रखे गए डाक मतपत्र

डाक मतपत्रों की गणना 11 रिटर्निंग अधिकारियों के मुख्यालय जिलों में 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। गणना के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डाक मतपत्रों को जिला मुख्यालयों में ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग-रूम में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखा गया है। मतगणना दिवस को इन मतपेटियों का परिवहन प्रातः 6 बजे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपूर्ण सुरक्षा के साथ काउंटिंग सेण्टर में किया जाएगा। 11 जिलों में डाक मतपत्रों की मतगणना प्रारंभ होने के आधे घंटे बाद ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी।

## अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार दो लाख का गांजा बरामद





रायपुर। आरपीएफ ने रविवार को 10 किलो गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत 2 लाख बताई जा रही है। आरपीएफ पोस्ट रायपुर के साथ सघन चेकिंग के दौरान लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर प्री-इलेक्शन सीजर अभियान के तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। रेसुब पोस्ट प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, प्रआ वीसी बंजारे, आरक्षक एसके गिरी, देवेश सिंह, आरपीएफ टीम द्वारा आपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 5 दुर्ग छोर में विकलांग शौचालय के पास मुखबिर के बताए हुलिए, पहनावे एवं सामान के आधार पर एक संदिग्ध यात्री को घेराबंदी कर पकड़ा तथा उसके पास रखे एक काले रंग के लगेज बैग को चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा मिला। नाम-पता पूछने पर उसने सूरज कुमार निवासी ग्राम नौढ़िया तरहार, थाना-लालापुर जिला प्रयागराज यूपी का रहने वाला बताया।

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले- जिन्हें निर्दोष बता रहे, उन पर कांग्रेस शासन से ही मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कहना है, कांग्रेस जिन्हें निर्दोष बता रही है, उन पर कांग्रेस शासन से ही मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा, आज बस्तर नक्सल उन्मूलन की दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है। बस्तर से लगातार फीडबैक आ रहे हैं। लोग चाह रहे हैं कि उन्हें नक्सलवाद पूरा समाप्त चाहिए। लोग बिना डर एवं भय के शांति से रहना चाहते हैं। इस पर सभी को राजनीतिक मतभेदों के बावजूद पूर्ण सहयोग करना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा, दीपक बैज ने भी हमारा आग्रह है कि नक्सल उन्मूलन के लिए क्या करना है, अपने सुझाव सरकार को दें। श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, दीपक बैज को पहले तथ्यों की परख कर लेनी चाहिए, उसके बाद बोलना चाहिए। श्री शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिन्हें कांग्रेस निर्दोष बता रही है, उन सभी के विरुद्ध साल 2022, 2021 से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। लकी कुंजाम पर 2022 में 302 का मामला दर्ज है, 2023 में 307 का प्रकरण था, दीपक बैज वहां के सांसद थे, उनकी ही सरकार थी। ओरछा छोटू के विरुद्ध 2022 में 307 का मामला दर्ज है। चैतू कुंजाम पर 2021 में 307 का मामला है, 2023 में फिर 307 लगा, 2024 जनवरी में 302, इस प्रकार 7 प्रकरण उनके खिलाफ हैं। सन्नो अवलम पर 2022 में 302 सहित कुल 6 प्रकरण हैं। सुनीता कुंजाम के विरुद्ध साल 2022 में 302, साल 2023 में 307 सहित 6 प्रकरण दर्ज हैं। योगा बरसे के खिलाफ 2022 में अपहरण का प्रकरण दर्ज है। ऐसे बहुत सारे विषय हैं, उन तथ्यों की जांच होनी चाहिए।



■ डिप्टी सीएम ने दीपक बैज से कहा, नक्सल उन्मूलन के लिए क्या करना है, अपने सुझाव दें

# सीबीजी प्लांट पर सौ करोड़ निवेश की योजना, जमीन तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब रायपुर और बिरगांव नगर निगम को मिलने वाले ठोस अपशिष्ट के निदान को लेकर कारगर पहल होने वाली है। इसके लिए सरकार से एमओयू के बाद रायपुर निगम आयुक्त ने बिरगांव निगम सीमा में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे करीब 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया है। इसे लीज पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दिया जाएगा। इसके बाद कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र लगाने पर 100 करोड़ का निवेश बीपीसीएल करेगा।

■ बीपीसीएल को संयंत्र लगाने रावांभाठा में जमीन चिन्हांकित, बनेगी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट

राजधानी में दो निगम के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। निगम सूत्रों ने बताया कि रायपुर-भिलाई में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सरकार के साथ मार्च 2024 में ही सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने के लिए वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके पहले सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर हुए। बीपीसीएल के साथ ही छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच एमओयू हुआ है। इसके लिए अभी डिटेल फिजिब्लिटी रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।



### प्लांट की क्षमता होगी 100-150 टन

समझौते के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल करीब 100 करोड़ के निवेश के साथ रायपुर और भिलाई में सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100-150 टन प्रतिदिन होगी। इस त्रिपक्षीय एमओयू में छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीपीसीएल और रायपुर निगम आयुक्त और भिलाई निगम आयुक्त ने सहमति दी है। बिरगांव निगम सीमा में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली जमीन रायपुर निगम ने प्लांट लगाने के लिए चिन्हांकित की है। जहां प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। दोनों निगम के बीच जगह तय करने से यहां ठोस अपशिष्ट आसानी से मिलेंगे।

### 250 मीट्रिक टन कचरे का उपयोग

रायपुर व भिलाई के सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग किया जाएगा। इन संयंत्रों से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हर साल करीब 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस किया जाएगा। इन दोनों संयंत्रों से जैविक खाद भी प्राप्त होगी। इससे जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### कार्यपालिक दंडाधिकारी की मतगणना स्थल पर ड्यूटी

**कांकेर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव में आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा मतगणना परिसर के बाहर एवं भीतर सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण मतगणना कार्यस्थल हेतु एडएीम सुखनाथ अहिरवार और डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर की ड्यूटी प्रभारी दण्डाधिकारी के तौर पर लगाई गई है। इसी प्रकार एनएच-30 पर ईशान वन प्रवेश द्वार व होटल के आसपास नाथियानवागांव पर नरहरपुर तहसीलदार सुधीर खलखो, मुख्य प्रवेश द्वार एवं मतगणना भवन स्थल पर नायब तहसीलदार सरोना संजय कुमार राय, अभ्यर्थी, गणन अभिकर्ता एवं मीडिया प्रवेश द्वार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा राहुल रजक और गणना सहायक सुपरवाइजर, माईक्रोऑब्जर्वर, डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस स्कैनिंग प्रवेश द्वार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंतागढ़ एनके बंजारा की ड्यूटी लगाई गई है।

### रेडक्रास की नई कार्यकारिणी के गठन की कलेक्टर से अपील

**जगदलपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी बस्तर के सदस्यों नई कार्यकारिणी का गठन करने कलेक्टर से अनुरोध किया है ताकि सुचारू रूप से रेडक्रास के माध्यम से सेवा का कार्य किया जा सके। बताया गया कि रेडक्रास के उपाध्यक्ष और कार्यालय प्रतिनिधि के इस्तीफे के बाद से रेडक्रास का काम लगभग बंद सा है। विशेषकर एंबुलेंस सेवा का लाभ गरीब तबके के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। नई कार्यकारिणी गठित होने से सेवा का यह काम सुचारू रूप से चल सकेगा। पत्र में कहा गया है कि आगामी दिनों में वर्षा ऋतु प्रारंभ होने वाली है जिसको ध्यान में रखते हुए जलभराव, प्राकृतिक आपदा, बाढ़, डेंगु, पीलिया एवं मौसमी बिमारियों के प्रकोप से बचने के लिए व्यापक रुप से जनजागरुकता अभियान के साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

### विश्व मासिक धर्म दिवस पर जागरूकता रैली आज

**जगदलपुर।** निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को शहर में विभिन्न आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं, युवतियों को जागरूक किया जा सके। निशा स्वर फाउंडेशन के फाउंडर तथा कोफाउंडर निशा नागवंशी और झरना मोहंती ने जारी संयुक्त बयान में बताया कि सुबह 10 बजे महारानी अस्पताल से नुक्कड़ नाटक के साथ जागरूकता रैली निकाली जायेगी जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए महारानी अस्पताल में सम्पन्न होगी। शाम 5 बजे टाउन हॉल, इंदिरा स्टेडियम के पास ओपन माइक प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**रबी फसल : 31 हजार क्विंटल से अधिक धान पहुंचा**

# उचित दाम मिलने से मंडियों में बढ़ रही धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पिछले साल से रबी सीजन धान की खरीदी शुरू होने और किसानों को मंडी में उचित दाम मिलने से कृषि उपज मंडियों में धान की आवक बढ़ रही है। पिछले 24 दिनों में स्थानीय कृषि उपज मंडी में 31 हजार क्विंटल से अधिक धान पहुंच चुका है।

बता दें कि खरीफ सीजन के धान को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा जाता है। इसलिए किसानों को खरीफ सीजन का धान बेचने समस्या नहीं होती। वहीं रबी सीजन का धान बेचने के लिए किसानों को भटकना पड़ता और मिलरों को औने-पौने दाम पर धान बेचने के साथ रकम के लिए बार बार चक्कर लगाने के लिए मजबूर थे। इस समस्या को देखते हुए पिछले वर्ष से पिटियाझर कृषि उपज मंडी में रबी सीजन के धान को बेचने की व्यवस्था की गई।

पिटियाझर कृषि उपज मंडी के सचिव रामलाल साहू ने बताया कि नई कृषि उपज मंडी में 4 मई से धान की खरीदी शुरू हुई तब से आज तक 31 हजार 398 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सोमवार को किसानों ने करीब 4800 कट्टा धान बेचा है। जो न्यूनतम 2070 और अधिकतम 2170 रुपए में पतला और मोटा धान की कीमत न्यूनतम मूल्य 1991 व अधिकतम मूल्य 1991 रुपए रहा। इस तरह किसानों को उपज का सही दाम प्राप्त हो रहा है। यहां व्यापारी और किसान आमने-सामने रहकर खरीदी-बिक्री करते हैं। व्यापारियों द्वारा बोली लगाकर धान खरीदा जाता है। इस व्यवस्था से किसानों को अब रबी सीजन के धान को बेचने की समस्या नहीं हो रही है। उन्हें अपने अनुसार दाम भी मिल रहा है।



### फसल कटाई लगभग पूर्ण, बढ़ेगी धान की आवक

रबी फसल के धान बिक्री के लिए किसान पिटियाझर स्थित कृषि उपज मंडी पहुंच रहे हैं। शुरूआत में किसानों की संख्या कम थी। अब किसानों को जानकारी होने पर धीरे-धीरे संख्या में वृद्धि हो रही है। इधर, मुख्यालय के आस-पास लगे गांव बेमचा, लभरा, खरोरा, मचेवा, अरंड लाफिनखुर्द, लाफिनकला सहित अन्य गांवों में धान की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। इस कारण भी किसानों की संख्या बढ़ रही है। वहीं किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपना उपज बेचने मंडी पहुंचीं। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है।



# शहर की सड़कों पर दौड़ रहे ओव्हरलोड अंतर्राज्यीय ट्रक

### दे रहे हादसों को न्योता, कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की मुख्य सड़कों पर दूसरे राज्यों के ओव्हरलोड वाहनें सरपट दौड़ रहे हैं जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। सिहावा रोड, बस्तर रोड, रायपुर रोड, रूद्री रोड ऐसे हैं जहां 24 घंटे रेत, गिट्टी, मुरूम से भरे 18 चक्के वाले हैवी वाहन दौड़ रहे हैं जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। क्षमता 14 टन की है लेकिन भर्ती 25 टन तक हो रही है। इससे सड़क भी खराब हो रही है। कलेक्टर के आदेश के बाद भी दिन के 6 बजे से रात्रि 8 बजे के बाद भी कोई रोकथाम नहीं है। इन वाहनों की वजह से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। रेत से भरे ट्रकें शहर में स्पीड से दौड़ रहे हैं।

शहर के नागरिक दिनेश केशरवानी, विवेक साहू, महिप अग्रवाल का कहना है कि जिला प्रशासन स्थानीय लोगों के लिए नियम बनाता है। यहां के ट्रकों पर सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक आवाजाही करने पर प्रतिबंध लगाता है। वहीं दूसरी ओर अन्य राज्यों से आने वाली हैवी वाहन 24 घंटे रेत, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी लेकर सड़कों में तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। यह विरोधाभास समझ से बाहर हैं। नियम सबके लिए सर्वमान्य होना चाहिए। हैवी वाहनों व खड़े ट्रकों पर भी नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

बता दें कि जिले की रेत की डिमांड दूसरे राज्यों में भी है। रोजाना दूसरे राज्यों के 400 से 500 ट्रकें रेत निकालकर 24 घंटे परिवहन कर रहे हैं। 10 चक्का ट्रकों में 14 टन रेत भरने की क्षमता होती है लेकिन इन ट्रकों में 20 से 25 टन तक रेत भरी जा रही है। ऐसे में सड़कों का खराब होना लाजिमी है।

इस संबंध में आरटीओ अधिकारी ए. मुजाहिद ने बताया कि उनकी टीम ओव्हरलोड वाहनों पर प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। क्षमता से अधिक माल भरने वाली वाहनों का चालान काटा जा रहा है।

# कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी डाक मत पत्रों की गणना धरमपुरा स्थित मतगणना स्थल में की जाएगी। 4 जून को सुबह 8 बजे से डाक मत पत्रों की गिनती दस टेबल में की जाएगी। इसके अलावा जिले के तीनों विधानसभा के मतों की गिनती 8.30 बजे से किया जाएगा। मतगणना के लिए 14-14 टेबल की व्यवस्था किया गया है। लोकसभा के अन्य विधानसभा में मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। राजनीतिक दलों के मतगणना अभिकर्ता को एक घंटे पहले मतगणना केंद्र में उपस्थित होने कहा गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि राजनीतिक दल मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा मंगलवार को सुबह 11-12 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, राजनीति दल कांग्रेस, बीजेपी, बीएसपी, निर्दलीय उम्मीदवार के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**बालक छात्रावास में महिला समूह, लघु वनोपज समिति के प्रबंधकों को दिया गया प्रशिक्षण**

# वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन पर की चर्चा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी वन धन विकास केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य अंतर्गत मास्टर ट्रेनर तैयार करने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में करीब 70 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। संघ मुख्यालय रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी महा अभियान के तहत पांच दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय आयोजन नगर के बालक छात्रावास में किया गया जिसमें धमतरी, गरियाबंद और नारायणपुर की अति पिछड़ी जनजाति कमार महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं, वनधन मित्र, इंटर्न और लघु वनोपज समिति के प्रबंधकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

धमतरी वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव के मार्गदर्शन और उपप्रबंध संचालक रायपुर आरबी निहलानी, धमतरी एफआर कोसरिया, गरियाबंद अतुल श्रीवास्तव, नारायणपुर राजकुमार ध्रुव की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी प्रभारी संदीप सिंह राजपूत का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन, लाख की खेती, कृषि वानिकी, समूह गठन व नियमों पर चर्चा की गई। द्वितीय एवं तृतीय दिवस क्षेत्र भ्रमण कर ग्राम कल्लेमेटा, बिलभदर के कमार परिवार सहित अन्य परिवारों का सर्वे कर ग्रामवार लघु वनोपज संग्रहण की सूची तैयार की गई। चौथे दिवस बिजनेस प्लान बनाया गया। पांचवें दिन उच्च अधिकारियों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की गई। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों से चर्चा कर उनकी इच्छा जानने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सीनियर एक्जीक्यूटिव राजीव नायक, प्रबंधक सुखराम नेताम, सुरेश साहू, बलराम साहू, संजय साहू, नवीन केरकेट्टा, तुमेश्वर भंडारी, वनधन मित्र युवराज साहू, गोपी किशन, निशा निषाद, हिना सिन्हा उपस्थित थे।

### इन्होंने की आवासीय व्यवस्था

इस आयोजन में रेंजर नगरी चुन्नू प्रसाद जोशी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी ओमप्रकाश चंदनिया, बीटगार्ड चित्रसेन वर्मा, राजाराम साहू, त्रिलोचन कश्यप, दिनेश ध्रुव, मुन्ना साहू, मनीषा साहू, रोहित साहू, सलीम खान ने आवासीय व्यवस्था संभाली।

# खुद के स्वार्थ के लिए लोग प्रकृति को पहुंचा रहे नुकसान

- प्रकृति संरक्षण के लिए ओडिशा के 4 युवक उमरकोट से केदारनाथ तक करेंगे साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ओडिशा के नवरंगपुर जिला के उमरकोट से 4 युवाओं ने उमरकोट से केदारनाथ साइकिल यात्रा शुरू की है। उनकी साइकिल यात्रा सोमवार को धमतरी पहुंची। जिले के ग्राम कोलियारी में फलाहार करने रुके युवाओं हरिबन हरिजन 23 वर्ष, गोविंद नायक 37 वर्ष, खगपति मोहरा 21 वर्ष और छबि हरिजन 18 वर्ष ने बताया कि हमने 24 मई को पूरे उमरकोट के मंदिरों के दर्शन किए। उसके बाद 25 मई की सुबह 7 बजे से अपनी साइकिल यात्रा शुरू की है।

उन्होंने साइकिल यात्रा के उद्देश्य बताते हुए कहा कि खुद के स्वार्थ के लिए लोग प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम अपनी यात्रा के माध्यम से लोगों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागृत करना चाहते हैं। प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए।

हम स्वच्छता अपनायेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को अपने धर्म, वेद, शास्त्रों का अध्ययन करना जरूरी है। विश्व कल्याण हमारा चौथा उद्देश्य है। सारा संसार हमारा परिवार है। साइकिल यात्रा पर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले बोलबम की यात्रा में जाते थे, धीरे-धीरे मन भक्ति भाव में लगा। शास्त्र का अध्ययन शुरू किया तब लगा कि खुद का कल्याण सब कर रहे हैं। सबके कल्याण के लिए सभी को जागरुक करना है। आगे उन्होंने बताया कि कुल 1660 किमी की साइकिल यात्रा करनी है। अभी 156 किमी की यात्रा कर चुके हैं। 26 मई को सिहावा के शीतला मंदिर में रात्रि विश्राम किया। उसके बाद सुबह 8 बजे से यात्रा फिर शुरू हो गई।

# सिंधी समाज की बुजुर्ग महिलाओं ने सुनाई अतीत की बातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुहिणी सोच महिला विंग सांस्कृतिक सचिव रिया दुल्हानी ने बताया कि सिंधी समाज के सदस्यों को लेकर आयोजन हो रहे हैं। इस बार सिंधी पंचायत की महिला विंग की अध्यक्षा नीलम बसन्तवानी ने समाज की वरिष्ठ महिलाओं में दादी, नानी के लिए पिकनिक आयोजन कर समाज की बुजुर्ग महिलाओं में उमंग एवं जोश भरा । नामांकन की लिस्ट बनते बनते 50 सदस्य हो गए। आयोजन में सचिव भारती लालवानी एवं सहसचिव दीपा नागवानी ने व्यवस्था बनाई। महिला विंग कमेटी ने सभी दादी नानी को सिंधु भवन पहुंचाया।

बस से कालीपुर स्थित हम एकेडमी संस्था में ले जाया गया। सभी दादी नानी की आरती उतार कर तिलक लगाकर झुलेलाल अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने सभी दादी नानी से सिंधियत के सवालों का जवाब मांगा। जिन्होंने सही जवाब दिए उन सभी को पुरस्कृत किया गया। सवाल बचपन से लेकर शादी होने तक के बीच के अंतराल में सिंधी गाने, फिल्मों के बारे में भी सवाल जवाब किए गए। केक काट कर बचपन की खुशियां मनाई।

# ग्रामीणों को बर्तन और कपड़े तथा बच्चों को पढ़ाई के सामान मिले

- बीमार ग्रामीणों का इलाज कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों के बीच आपसी तालमेल और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए 204 कोबरा वाहिनी हमेशा से प्रतिबद्ध रही है।

सोमवार को अति संवेदनशील नक्सलग्रस्त थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम मेदीगुड़ा में 204 कोबरा बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में कई बुजुर्ग, महिलाएं एवं छोटे बच्चे मौजूद रहे। ग्रामीणों को कपड़े, बर्तन, खाने की सामग्री एवं अन्य दैनिक इस्तेमाल में आने वाले सामान एवं बच्चों को पठन सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही बीमार लोगों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान कर दवाईयां दी गई। प्राथमिक चिकित्सा के दौरान मेदीगुड़ा सरपंच माडवी हूंगा के निर्देशन में कई ग्रामीण महिलाओं एवं बुजुगोंर् का इलाज किया गया एवं उन्हे आर्थिक मदद दी गयी। सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के बीच बेहतर तालमेल के लिए 204 कोबरा वाहिनी समय-समय पर इस तरह के आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करती रहती है। इस दौरान 204 कोबरा वाहिनी के रतुल दास कमाडेंट, निरंजन साहू उप कमाडेंट, गितांशु मेहता सहायक कमाडेंट, अभिषेक जोरवाल एवं राहुल मनीष कुमार सोनी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बीमार लोगों के लिए दवाईयां एवं बच्चों के पढ़ाई के लिए गांव में ही एक स्कूल खोलने का आग्रह किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत रेड डॉट चेलैंज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय बैठक के दौरान सभी परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों को गतिविधियां संचालित करने तथा इस अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रेड डॉट चैलैंज स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने हाथों में लाल निशान बनाकर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर बोलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रेड डॉट चैलैंज को प्रदर्शित करने हेतु अपने हाथों पर लाल डॉट बनाकर जागरूकता रैलियां आंगनवाड़ी स्तर पर निकाली जा रही है। दीवारों पर नारा लेखन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है। जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें। इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### ईवीएम एवं डाक मतपत्र के मतगणना कार्य के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के ईवीएम एवं डाक मतपत्र के मतगणना कार्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक ने 94 अधिकारियों को माइक्रो आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया है। उक्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण मंगलवार 28 मई 2024 को अपरान्ह 3 बजे वन विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। सभी माइक्रो आब्जर्वर को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रदेश में गौवंश अभ्यारण्य की घोषणा सराहनीय: गिरिजा



**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा मंडल तुमगांव के महामंत्री गिरिजा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गौ वंश अभ्यारण्य की घोषणा किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। गिरिजा ने कहा कि प्रदेश में गौ वंश के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का गौवंश त्राहि-त्राहि कर रहा था। गौठान के नाम पर खुल्लम खुल्ला लूट मची थी। सुविधा के नाम पर कुछ भी नही था। गौठान में दम तोड़ती गौ वंश की अनेक घटनाएं प्रदेश ने देखी गई है, ऐसे में छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने एक सराहनीय निर्णय लिया है। निश्चित ही इस निर्णय से ना केवल गौ वंश की रक्षा होगी, अपितु किसान भी इस निर्णय से लाभान्वित होंगे।

### कान, नाक व गला की जांच आज

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 28 मई को कान, नाक व गला जांच का आयोजन सांय 4 से 6 बजे तक किया गया है। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) अपनी सेवाएं देंगे।

**प्रतियोगिता : विजेता प्रतिभागियों को दिया गया नकद पुरस्कार**

# बैडमिंटन होम टूर्नामेंट में मयंक व मृणाल की जोड़ी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जिला बैडमिंटन संघ महासमुंद का 2 दिवसीय क्लब युगल बैडमिंटन होम टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

जिला बैडमिंटन संघ महासमुंद के तत्वावधान में 2 दिवसीय क्लब युगल बैडमिंटन होम टूर्नामेंट का आयोजन वन विद्यालय परिसर के अंतर्गत आने वाले इंडोर ग्राउंड में किया गया था। इस घरेलू प्रतियोगिता का उद्घाटन महासमुंद जिले के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा 25 मई को किया गया था।

उद्घाटन समारोह के दिन ग्राउंड में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा का जन्मदिन विधायक द्वारा केक काटकर मैदान में उपस्थित सभी संघ के सभी सदस्य एवं प्रतिभागियों के साथ मनाया गया। इस टूर्नामेंट में महासमुंद एवं आरंग बैडमिंटन क्लब के 30 प्लस उम्र एवं अंडर 30 उम्र के कुल मिला कर 30 टीमों में भाग लिया। जिसमें 34 बच्चे जो 30 वर्ष से कम के थे एवं 26 खिलाड़ी जो कि 30 वर्ष से अधिक के थे, जिन्होंने भाग लिए। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए ये प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में 30 वर्षों से कम उम्र के खिलाड़ियों में मयंक श्रीवास्तव एवं मृणाल की जोड़ी ने सौम्य चंद्राकर के जोड़ी को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। वही 30 वर्ष से अधिक में विजय ठाकुर एवं प्रकाश चंद्राकर की जोड़ी ने राजा गुरुदता एवं विक्की साहू की जोड़ी को 22-20, 21-11 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला मयंक श्रीवास्तव एवं मृणाल तथा विजय ठाकुर एवं प्रकाश चंद्राकर की जोड़ी के बीच हुआ। जिसमें मयंक श्रीवास्तव की जोड़ी ने 21-15, 21-10 से हराकर विजेता बनी। इस पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी एवं सहसचिव देवेंद्र चंद्राकर, राजा गुरुदता, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष गौरव चंद्राकर एवं समस्त जिला संघ के सदस्यों ने हर्ष जताया है।



**विजेताओं को दिया गया नकद पुरस्कार**

इस प्रतियोगिता के जो विजेता एवं उपविजेता रहे उनको भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। वन विद्यालय परिसर के कर्मचारी आकाशी द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए विजेता विजेता टीम को 501-501 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही जिला बैडमिंटन संघ द्वारा भी जो भी बालक वर्ग 30 प्लस वर्ष में विजेता एवं उपविजेता थे उन्हें 501-501 रुपए की नगद राशि इनाम के रूप में दी गई। समापन के मुख्य अतिथि देवेंद्र चंद्राकर थे, सभी पुरस्कार देवेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र साव, मुकेश श्रीवास्तव, गिरीश विश्वकर्मा, घनश्याम सोनी, राजा गुरुदाता, सुदीप श्रीवास्तव के हाथों दिया गया। इस प्रतियोगिता में 30 वर्ष से कम में आरंग के उज्ज्वल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की ट्राफी दी गई एवं 30 वर्ष से अधिक में विजय ठाकुर को दिया गया। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव घनश्याम सोनी ने आभार प्रदर्शन किया।

# कांग्रेस के मेनिफेस्टो के सामने भाजपा के सारे दावे फीके: विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 4 जून को जुमला साबित होगा भाजपा के 400 पार का नारा



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा 4 जून को जुमला साबित होने वाला है। भाजपा 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इस बार बीजेपी के नारे को जुमला साबित करने की बारी जनता की है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। चुनाव घोषित होने से पहले ओवर कॉन्फिडेंस में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन, चुनाव में जनता का रुख देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास भी डोलने लगा और वे भी इस नारे को बोलना छोड़ गए है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के तमाम बड़े नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के धुआंधार प्रचार से परेशान हो गए हैं, सवालों के जवाब दे नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के मेनिफेस्टो के सामने भाजपा के दावे फीके पड़ने लगे हैं। राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4 हजार किमी पैदल यात्रा कर जनता के सुझावों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र तैयार किया। चंद्राकर ने कहा कि 100 दिन में काला धन लाकर सबको 15-15 लाख बांटने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में 15 रुपए तक जनता के खाते में नहीं डाले। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा था, जो केवल जुमला साबित हुआ। पिछले 4 साल से पेट्रोल 100 पार है, डीजल 80 रुपए से अधिक है। रसोई गैस के दाम 2014 से पहले 400 के आसपास था, जो आज 1100 रुपए है। इन सवालों पर मोदी व भाजपा के नेता भागते हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 25 मरीजों का निःशुल्क उपचार



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मरीजों और परिजनों को टिप्स भी दिए गए। मरीजों से सामान्य व्यवहार करें, किसी प्रकार मादक द्रव्य, तंबाकू, गुटखा, शराब, गांजा आदि सेवन से बचे, अपनी दैनिक दिनचर्या को रोचक और मनोरंजन बनाए, हल्का व्यायाम के साथ योगा, ध्यान करें, खान पान को ठीक रखे, खेल आदि मनोरंजन के साधन को अपनाने प्रेरित किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ डॉ बीएस बड़ाई , बीपीएम हेमकुमार सोनकर, मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि का सहयोग रहा।

**ईवीएम के मतगणना कार्य संपादन के लिए विधानसभावार व टेबलवार 152 कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी**

# कृषि उपज मंडी पिटियाझर में प्रशिक्षण 2 जून को

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए 04 जून को कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर में ईवीएम की मतगणना कार्य संपादन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार व टेबलवार भृत्य एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर दो-दो कर्मचारी कुल 112 कर्मचारी तथा प्रत्येक विधानसभा के लिए 10-10 कर्मचारी कुल 40 कर्मचारी रिजर्व रखा गया है। इस तरह कुल 152 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में 02 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर महासमुंद में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के डाक मतपत्र मतगणना के लिए नोडल अधिकारी डाक मतपत्र के कार्य में सहयोग के लिए 5 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में प्रशिक्षण 02 जून को प्रातः 11 बजे रखा गया है।

# शराब बनाना व बेचना सतनाम संस्कृति के खिलाफ: विजय

**नवागांव में हुई सामाजिक बैठक, सतनामी समाज ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा सभी अठगंवा कमेटी के पदाधिकारियों को समाज में नशा उन्मूलन अभियान चलाने की अपील की गई। जिस पर पहल करते हुए जोगीडीपा (पटेवा) परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कुर्रे व पदाधिकारियों ने ग्राम नवागांव में सामाजिक बैठक कर समाजजनों से नशामुक्त समाज बनाने आह्वान किया।



बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को संबोधित करते हुए मादक पदार्थ के निर्माण, विक्रय व उपयोग करने को सतनाम संस्कृति के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि नशापान के कारण शिक्षा, रोजगार में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही परिवार व समाज भी बदनाम होता है। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, उच्च शिक्षा की फीस पुस्तक कापी के लिए समाज सहयोग करने तैयार है। ग्राम नवागांव में पचास घर के सतनामी समाज निवासरत है, जहां एक भी छात्र बारहवीं उत्तीर्ण नहीं है, जो चिंतनीय है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक सुर में नशामुक्त समाज बनाने की सहमति दी, जिस पर अठगंवा कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कुर्रे द्वारा गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र के समक्ष समाजजनों को शराब नहीं बनाने व नहीं बेचने की शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों ने अन्य गांवों में भी नशा उन्मूलन अभियान चलाने की बात कहीं। बैठक में संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष हर्षवर्धन मन्नाडे व अठगंवा परिक्षेत्र के धनीराम महिपाल, विजय डहरिया, नीलकंठ जोल्हे, खेमराज भट्ठ, दयालुदास, नंदकुमार जोशी, मनोज कुर्रे, जगतारण मधुकर, तेजराम कुर्रे, छबिलाल लहरे, खिलावन हिरवानी, मनीराम जांगड़े, राजकुमार कुर्रे, मोहन कोसरिया, बाबूलाल बंजारे, मनबोधी लहरे, अमृत सिंह जांगड़े, अनिल जांगड़े, सुखराम जटवार, रामनाथ, अंजोरदास, सोमनाथ जांगड़े, सुखचंद, चंद्रिका मन्नाडे, राजकुमार खूंटे, उपस्थित रहे। बैठक में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ग्राम इकाई का गठन भी किया गया। जिसमें चंद्रिका प्रसाद मन्नाडे (अध्यक्ष), सुखदेव ढीढ़ी (उपाध्यक्ष), अशोक कुमार डहरिया (सचिव), लोमश भारद्वाज (कोषाध्यक्ष), कांशीराम डहरिया (भंडारी), मनीराम टोंड्र (साटीदार) तथा भीमराव जांगड़े (सलाहकार) नियुक्त किया गया।

# दहेज प्रताड़ना: आरोपियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

थाना अंतर्गत ग्राम चट्टीगिरोला में लगभग 4 वर्ष पूर्व सितंबर 2020 में एक महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला के मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस द्वारा उसके पति, सास व ससुर के विरूद्ध अपराध कायम किया गया था और मामला न्यायालय में विचाराधीन था। उक्त मामले में फैसला सुनाते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली शोभना कोष्टा ने उक्त आरोपियों को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। इनमें से एक आरोपी महिला के ससुर की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक आरएल पटेल से मिली जानकारी अनुसार विगत 1 सितंबर 2020 को ग्राम चट्टीगिरोला में रानी दास ने घर के स्वयं के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के मायके पक्ष ने शिकायत की थी कि उसके पति राकेश उर्फ भूपेंद्र दास, ससुर कुलमणी दास एवं सास सेवती दास द्वारा उसे अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था एवं मृत्यु के कुछ देर पूर्व भी दहेज संबंधी मांग को लेकर उसके साथ क्रूरता की गई थी। साथ ही ससुराल पक्ष पर यह भी आरोप लगाया गया था कि उनके द्वारा ही महिला को फांसी लगाकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस द्वारा दोनों ही परिस्थितियों पर धारा 304 बी, 34 एवं धारा 302,34 के तहत मामले की विवेचना की जा रही थी। विवेचना के उपरांत पुलिस द्वारा अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में मामले पर संपूर्ण विचारण के बाद यह प्रमाणित हुआ कि मृतका को विवाह के पश्चात से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और मृत्यु के पूर्व भी उसके साथ क्रूरता करना प्रमाणित हुआ। हालांकि, धारा 302 के तहत मृतका की हत्या किया जाना प्रमाणित नहीं हो पाया। अतः सभी परिस्थितियों को देखते हुए न्यायाधीश शोभना कोष्टा ने मृतका के पति व सास को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। मामले के तीसरे आरोपी उसके ससुर की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है।

## मजदूर संघ की नई जिला कार्यकारिणी गठित, जिलाध्यक्ष बने नितेश

**महासमुंद।** भारतीय मजदूर संघ महासमुंद की जिला इकाई की बैठक स्वाध्याय केंद्र मे संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) छत्तीसगढ़ के प्रांत महामंत्री दिनेश पांडेय उपस्थित थे। दिनेश पांडेय ने भारतीय मजदूर संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में मजदूर संघ के नए जिलाध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव होंगे। जिला उपाध्यक्ष विकास क्षत्रिय, जिला मंत्री खगेंद्र तारक, संगठन मंत्री प्रदीप वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश कन्नौजे होंगे। इन सभी का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष तक होगा। दिनेश पांडेय ने संगठन के बारे में बताया कि किस प्रकार भारतीय मजदूर संघ अन्य मजदूर संगठन से भिन्न है। भारतीय मजदूर संघ भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है। उन्होंने बताया कि आजादी के समय भारत में सिर्फ एक ही मजदूर संगठन हुआ करता था, उसका नाम है अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस यानी ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) जो कि भारतीय कम्युनिस्ट विचारधारा से प्रेरित संगठन है। इस संघठन का उद्देश्य यह था कि चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगें पूरी हो। भारत के अन्य श्रम संगठनों की तरह यह किसी संगठन के विभाजन के कारण नहीं बना, वरन एक विचारधारा के लोगों का सम्मिलित प्रयास का परिणाम था। भारतीय मजदूर संघ देश का पहला मजदूर संगठन है, जो किसी राजनैतिक दल की श्रमिक इकाई नहीं, बल्कि मजदूरों का, मजदूरों के लिए, मजदूरों द्वारा संचालित अपने में स्वतंत्र मजदूर संगठन है। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक रिखीराम साहू, अश्वनी तिवारी, बीएमएस के जिलाध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम वर्मा, पूर्व जिला मंत्री विकास क्षत्रिय, जिला मंत्री खगेंद्र तारक, संघठन मंत्री प्रदीप वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश कन्नौजे, हरिशंकर चतुर्वेदी, दीपक तिवारी, चंदन डड़सेना, सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा, रेखा सोनी, कुंदन साहू, पूनम ब्रम्हभट्ट, गोविन्द साहू, मुकेश कुर्रे, सत्य परेड, डॉ. विश्वास, लोमश साहू, धनुष यादव आदि उपस्थित थे।

# किरण ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा 26 मई रविवार को एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया वीमेंस लीग वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन पचपेड़ी नाका स्थित कर्मा फिटनेस रायपुर में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के बागबाहरा शहर से एक मात्र महिला खिलाड़ी किरण बघेल (वर्तमान में जिम टाउन फिटनेस बागबाहरा में अभ्यासरत है ) ने 55 किलोग्राम वजन वर्ग में हिस्सा लिया तथा 12 खिलाड़ियों के समूह मे प्रथम रहते हुए स्वर्ण पदक हासिल करने में सफल रही। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हो किरण 10 जुलाई 2024 से 14 जुलाई 2024 तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया वीमेंस लीग में दमखम दिखाती नज़र आएंगी। किरण ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने पति एवं वेटलिफ्टिंग कोच सुमीत बघेल व 7 वर्षीय बेटी प्रिंसी तथा परिवार को दिया। किरण की इस सफलता के लिए ससुर जुगराज बघेल, महासमुंद वेटलिफ्टिंग संघ एवं जिम के साथियों ने हर्ष जताया है।




### चर्म रोग जांच प्रतिदिन

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 28 मई को चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक डा. गरिमा शर्मा एमबीबीए, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देंगी।

# विश्व शांति अखंड ब्रह्म यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम हुआ चिमरकेल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम चिमरकेल में अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन आयोजन पश्चात ग्राम में सुख शांति की कामना के लिए प्रतिवर्षानुसार सामूहिक विश्व शांति ब्रह्म यज्ञ अनुष्ठान महिमा सन्यासी बाबा उसत दास के कर कमलों से हुआ। ग्राम समिति के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने विश्व हिंदू परिषद के खंड व जिला टीम के स्वयं सेवकों ने इस पुनीत कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। विश्व हिन्दू परिषद एवं धर्म जागरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यज्ञ अनुष्ठान, भजन जागरण, सत्संग का कार्यक्रम क्षेत्र के प्रत्येक शक्ति केन्द्रों व ग्राम में प्रतिवर्ष संचालित होता है। आज के डिजिटल युग में भी सनातन परंपरा के आदिकालीन ऋृषि और संत संस्कृति और वैदिक सभ्यता को पुनर्जीवित करने का प्रयास इस माध्यम से किया जा रहा है, जो किसी संजीवनी से कम नही है। सत्य सनातन महिमा धर्म के साधु संत इस कार्य को बखूबी दुरांचल, वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में यज्ञ अनुष्ठान जागरण के साथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से गुरू व प्रभु की निर्गुण भक्ति की ब्रह्मचर्य साधना कर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, समाज को यह सीख देते हुए विभिन्न ग्रामों में जाकर साधु संतों की दल का संचालन करते हुए अलेख महिमा आश्रम के संचालक महिमा संन्यासी बाबा उसतदास अपने शिष्यों श्रद्धालु भक्तों के साथ धर्म जागरण का पुनीत कार्य कर रहे हैं। इस पुनित कार्य में सदैव विश्व हिंदू परिषद जिला व प्रखण्ड की टीम सूदूर अंचल में भी पहुंचकर धर्म जागरण के इस महाअभियान में सतत कार्य कर रही है। कार्यक्रम में महिमा संन्यासी बाबा उसत दास, बाबा घसियादास, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सौरव अग्रवाल, बसंत देवता, विद्या चौधरी, अभय धृतलहरे, भूपेंद्र शर्मा, ग्राम प्रमुख गोरेलाल सिदार, नरेंद्र डडसेना, शिवदयाल जगत, कलेवर जगत, सेतकुमार पसायत, अलेख जगत, सोन कुमार सिदार, प्रसन्न कुमार डडसेना, संतलाल सिदार, सालिक राम पटेल, टेकराम भगत, नकुलदास भगत एवं ग्राम के सैकड़ों माताएं बहनें व ग्रामवासी उपस्थित थे।



### ऑनलाइन शापिंग से व्यापार में आई भारी गिरावट

**महासमुंद।** जिला चैंबर आफ कामर्स और व्यवसाइयों ने कहा कि शहर में छोटे व मध्यम व्यवसाय एवं दुकान कोरोनाकाल लॉकडाउन के बाद से नहीं चल रहा है। लॉकडाउन के समय में एक ऐसा वर्ग था, जिनको पूरा वेतन प्राप्त हुआ था। परंतु, बाकी दुकानदारों का इनकम व कारोबार बंद था, जो अपनी जमा पूंजी लगाकर ही अपना गुजारा कर रहे थे। लॉकडाउन के समय ही वेतनभोगी वर्ग ने ऑनलाइन सामान मंगवाने की शुरुआत की। जिसके कारण आज वर्तमान में भी अन्य लोग ऑनलाइन सामान मंगवा रहे हैं। जिसके कारण से कई प्रदेश और शहरों में व्यवसाय प्रभावित हुआ है। लोग यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि लॉकडाउन के बाद व्यवसाय में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। किंतु, इसके विपरीत ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ता चला गया। जिसके कारण छोटे एवं मध्यम वर्ग के दुकानदार अपना दुकान व परिवार का खर्च तक नहीं निकाल पा रहे हैं। कई दुकानदारों ने प्राइवेट एवं बैंकों से कर्ज लिया है, जिसका क्रस्ति पटाने में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन बाजार से जहां ग्राहकों को फायदा पहुंच रहा है। वही छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यवसायी त्रस्त हो चुके है। तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन बाज़ार से करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी के लिए खतरा बना हुआ है। कुछ लोगों की दुकानें भी बंद हो चुकी है और कुछ की बंद होने के कगार पर है। जिला चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष समेत सदस्यों राधेश्याम शर्मा, हेमंत सोनी, साहिल शर्मा, उमेश चंद्राकर, सतीश गोतमारे आदि व्यवसाइयों ने आम नागरिकों से ऑनलाइन शॉपिंग का कम उपयोग करने और आसपास के दुकानों से ही अधिकतम सामान ख़रीदने एवं सेवा का अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया है। साथ ही शासन से दुकानदारों के हित के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाने का अनुरोध किया है।

